AMAR UJALA, Delhi, 9.12.2024
Page No. 5, Size:(4.89)cms X (3.45)cms.

गेल ने एलएनजी जहाज के लिए समझौता किया

नई दिल्ली। गेल (इंडिया) लिमिटेड ने एलएनजी जहाज के लिए के लाइन के साथ एक दीर्घकालिक चार्टर समझौता किया है। यह जहाज 2027 में परिचालन शुरू करेगा। गेल ने सिंगापुर में एक जहाज स्वामित्व कंपनी के जरिये यह समझौता किया है। इसके तहत एलएनजी जहाज एक आधुनिक दो-स्ट्रोक वेसल होगा, जिसकी टैंक क्षमता 1.74 लाख घन मीटर होगी। यह जहाज सैमसंग हेवी इंडस्ट्रीज को लिमिटेड, कोरिया द्वारा निर्मित किया जाएगा। गेल के पास वर्तमान में एलएनजी परिवहन के लिए चार जहाज हैं और अगले साल दो और जहाज इसके बेड़े में शामिल होंगे।

HINDUSTAN, Delhi, 9.12.2024
Page No. 11, Size:(13.02)cms X (17.30)cms.

दो मोबाइल मेडिकल यूनिट को झंडी दिखाई

नई दिल्ली। सांसद बांसुरी स्वराज ने गेल (इंडिया) के सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत दो मोबाइल मेडिकल यूनिट्स को हरी झंडी दिखाई। इसके अलावा गेल ने एम्स, नई दिल्ली को जीवन रक्षक एम्बुलेंस सौंपी। इस मौके पर गेल के निदेशक आयुष गुप्ता और एम्स के निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास मौजूद रहे।